आरजीआईपीटी ने कोरोना योद्धाओं को उपलब्ध कराये मास्क एवं सेनेटाइजर

जिला संवाददाता

जायस, अमेठी। कोरोना वायरस के सामुदायिक स्तर पर फैलाव को रोकने के उद्देश्य से इस कार्य में लगे कोरोना योद्धाओं की सहायता के लिए आरजीआईपीटी ने यह कदम उठाया है। इसके अंतर्गत संस्थान ने गुरुवार को क्षेत्र के डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मियों, पुलिसकर्मियों एवं पत्रकारों को कोरोना से बचाव के लिए मास्क एवं हैंड सैनिटाइजर उपलब्ध कराया।

साथ ही, आमलोगों के बीच, कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से, कोरोना योद्धाओं को पोस्टर भी उपलब्ध कराये गये। इसके अंतर्गत संस्थान ने बहादुरपुर पुलिस चैकी, जायस पुलिस थाना, फुरसतगंज पुलिस थाना एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अमेठी को लगभग 45 लीटर हैंड सैनिटाइजर एवं 800 मास्क उपलब्ध कराये। इस अवसर पर बोलते हुए संस्थान के निदेशक आचार्य अखौरी सुधीर कुमार सिन्हा ने कहा कि आरजीआईपीटी एक संवेदनशील शैक्षणिक संस्थान है और हमारा संस्थान इस राष्ट्रीय आपदा के समय क्षेत्र की जनता के मदद के लिए प्रतिबद्ध है।

अपनी इसी प्रतिबद्धता पर कार्य करते हुए संस्थान ने क्षेत्र के कोरोना योद्धाओं, डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मियों, पुलिसकर्मियों एवं पत्रकारों को कोरोना से बचाव के लिए मास्क एवं हैंड सैनिटाइजर उपलब्ध कराने की पहल शुरू की है। इससे पहले संस्थान ने 29 मार्च से 14 अप्रैल तक प्रतिदिन खाने के 1200 पैकेट जरूरतमंद एवं गरीब लोगों के बीच वितरण के लिए जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया है। इस अवसर पर संस्थान के अधिष्ठाता डॉ. उमाप्रसन्न ओझा, कुलसचिव जितेन्द्र प्रसाद, सहायक सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा एवं अंकित पचौरी आदि भी उपस्थित रहे।